THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) and (b) As per current policy, Corporations owned or controlled by the State Governments, including State Civil Supplies Corporations are eligible to apply against the specific advertisements for LPG distributorships under 'Open category'. Their applications are decided on merit by the Oil Selection Boards.

(c) and (d) New LPG connections are released depending on the annual enrolment of new cutstomers, slack available with the distributors in the State, waiting lists and product availability. Allotment of new gas connections is not made on State-wise basis.

**सांसदों से प्राप्त पत्र**

5742. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सांसदो द्वारा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और इसके अधीन कार्यालयों को प्रेषित किये गये पत्रों का अंतिम उत्तर नहीं दिया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) 1-7-92 से 30 मार्च, 1994 तक की अवधि के दौरान सांसदों से कितने पत्र प्राप्त हुये और कितने पत्रों के संबंध में अंतिम उत्तर अब तक नहीं दिये गये ; और

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में किसी अधिकारी की जिम्मेदारी निश्चित की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा)** : (क) और (ख) मंत्रालय को संसद सदस्यों से प्राप्त संदर्भों के प्रति तीन माह की अवधि के अन्तर्गत अंतिम उत्तर भेजने के संबंध में निरन्तर प्रयास किये जाते हैं । तथापि, कतिपय संदर्भ जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा अन्य एजेंसियों के साथ परामर्श करके विस्तृत जांच/छानबीन की आवश्यकता जैसे मुद्दे उठते हैं, उनको निपटाने में अधिक समय लगता है । संसद सदस्यों से प्राप्त संदर्भों के निपटान के संबंध में आवश्यक उपचारी कार्यवाही करने हेतु मंत्रालय में विविध स्तरों पर नियमित रूप से पुनरीक्षा की जाती है ।

(ग) 01 जुलाई, 1992 से 31 मार्च, 1993 की अवधि के दौरान मंत्रालय को संसद सदस्यों से 4008 संदर्भ प्राप्त हुये थे । इनमें से 2385 संदर्भों के उत्तर 31 मार्च, 1993 तक दे दिये गये थे और 1623 शेष रह गये थे । 01 अप्रैल, 1993 से 31 मार्च, 1994 की अवधि के दौरान मंत्रालय को शेष 1623 के अतिरिक्त 4567 संदर्भ प्राप्त हुए थे इनमें से 4784 संदर्भों के प्रति 31 मार्च, 1994 तक उत्तर दे दिये गये थे और शेष 1406 बच गये थे ।

(घ) उपर्युक्त भाग (क), (ख) और (ग) के प्रति दिये गये उत्तरों की दृष्टि से प्रश्न नहीं उठता ।

**गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों में रसोई गैस कनेक्शनों का जारी किया जाना**

5743. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन** : क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात और महाराष्ट्र के जिलों में रसोई गैस के कितने कनैक्शन जारी किये गये हैं ;

(ख) क्या राज्य सरकारों ने वर्ष 1993-94 और 1994-95 के दौरान गैस के और नये कनेक्शन जारी करने के लिये कोई प्रस्ताव रखे हैं ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और